खास-खबरें

सेवा संकल्प अभियान के तहत जेल में नशा मुक्ति कार्यक्रम संपन्न

उमरिया । सेवा संकल्प अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, व्दारा जिला जेल में विशेष नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित मद्य निषेध सप्ताह के तहत बंदियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने और समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान समस्त बंदियों ने मद्य निषेध (नशा न करने) की शपथ ली । इस अवसर पर जेलर , उप अधीक्षक मावन सिंह मार्को , शिवशंकर कोल, मो. शारिब, रमन विश्वकर्मा, प्रमोद मिश्रा , सारांश तिवारी, कमलेश पटेल, संतोष त्रिपाठी, अनुराग त्रिपाठी सहित जेल का स्टाफ उपस्थित रहा।

जनगणना के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण संपन्न

उमरिया। जनगणना 2027 के द्वितीय चरणके तहत जिले के जनगणना अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों एवं तकनीकी सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ । कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में जिला पंचायत सभागार में जनगणना कार्य में संलग्न कर्मियों को गणना ब्लाक के गठन, उप गणना ब्लाक बनाने एवं अतिरिक्त कर्मियों की आवश्यकता सहित उनकी नियुक्ति की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाईश दी गई। राज्य स्तर से नियुक्त प्रशिक्षक अजय रजावत एवं महेंद्र यादव ने स्व गणना के विकल्प का प्रयोग करते हुए परिवार के सदस्य की सूचना पोर्टल के माध्यम से भरे जाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया। इस दौरान बताया गया कि जनसंख्या गणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति से सामाजिक, आर्थिक,शैक्षणिक एवं प्रवास सहित 40 सवाल पूछे जाएंगे , जिसे प्रगणक घर घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से एकत्रित करेंगे । प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्रत्यूष श्रीवास्तव सहित चार्ज अधिकारी एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे।

मतदाता सूची संबंधी प्रशिक्षण 10 अक्टूबर को

रीवा। रीवा विधानसभा क्षेत्र में छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण 10 अक्टूबर को तहसील हुजूर कार्यालय के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में एसडीएम हुजूर जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण दो पालियों में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। मतदान क्रमांक 1 से 140 तक का प्रशिक्षण सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होगा। मतदान केन्द्र क्रमांक 141 से 277 तक का प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।

विशेष शिविर में जुड़वाएं अपना नाम, पात्र मतदाता मतदान अधिकार से न रहें वंचित : कलेक्टर

सतना । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 7, 8 और 9 अक्टूबर तक तीन दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हुआ है, वे विशेष शिविर का लाभ उठाकर अपना नाम अनिवार्य रूप से जुड़वाएं। कलेक्टर ने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया है कि जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन करें। उन्होंने यह भी बताया कि जो युवा 1 जनवरी 2027 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे भी अग्रिम रूप से ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं, ताकि पात्रता तिथि पर उनका नाम समय पर मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्षों की...

जनसेवा यात्रा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रेरणा : मंत्री पटेल

सेवा ज्योति कलश यात्रा से दिया सेवा, विकास और राष्ट्र निर्माण का संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, नरसिंहपुर : प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण की अविराम यात्रा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।प्रधानमंत्री श्री मोदी की राष्ट्र निर्माण के संकल्प की यह अविराम यात्रा 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई थी, जो आज 25 वर्षों के गौरवपूर्ण पड़ाव पर पहुंच रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राष्ट्र के विकास और जनकल्याण को नई दिशा प्रदान की है। यह बात कैबिनेट मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर से सेवा ज्योति संकल्प यात्रा' एवं 'विकसित भारत संकल्प सभा' के जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही।

मंत्री श्री पटेल की अगुवाई में स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर से सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। यह ज्योति कलश यात्रा जिले की चारों विधानसभाओं में जाएगी। इस अवसर

पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाइव सीधा प्रसारण किया गया, जिसे कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, हितग्राहियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने देखा और सुना।

कार्यक्रम में विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक गोटेगांव श्री महेंद्र नागेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, श्री रामसनेही पाठक सहित नगर पालिकाओं एवं जनपद पंचायतों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष मंचासीन थे। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही, विद्यार्थी, खिलाड़ी, भूतपूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल सरकार की उपलब्धियों की यात्रा नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता और संकल्प की यात्रा है। इस अवसर पर यात्रा में सम्मिलित लोगों को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प दिलाया गया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में विकास और जनकल्याण के पथ पर निरंतर अग्रसर है।

गरीब एवं वंचित वर्ग तक पहुंच रही योजनाओं की सुविधाएं : मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब एवं वंचित वर्ग के पात्र लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से ऐसे पात्र परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनके सिर पर पक्की छत नहीं थी। जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक परिवार तक नल से जल पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र व्यक्तियों को उपचार की सुविधा उपलब्ध हुई है। योजना के तहत पात्र परिवारों को 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को उपचार के खर्च की चिंता से राहत मिली है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज की नई पीढ़ी खेल, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत हुई है और संविधान एवं लोकतंत्र के प्रति नागरिकों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है।

मतदाता सूची में नवीन एवं छूटे पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने विशेष अभियान जारी

नईदुनिया प्रतिनिधि, अनूपपुर : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 7 से 9 अक्टूबर तक मतदाता सूची में नवीन एवं छूटे पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना तथा पात्र युवाओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करना है। इसके तहत मतदान केन्द्रों एवं शैक्षणिक संस्थानों में विशेष गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में बुधवार को शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सामतपुर, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य डॉ. कौशलेन्द्र सिंह एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर द्वारा नवीन मतदाताओं के नाम ऑनलाइन जोड़ने की कार्यवाही भी की गई। मतदान केन्द्र सामतपुर में वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद श्री संजय चौधरी एवं श्रीएल उपस्थित रहे।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अपर कलेक्टर श्री बलबीर गन्ज, एसडीएम अनूपपुर सुश्री प्राशी अग्रवाल एवं तहसीलदार श्री वेद प्रकाश ने बीएलओ की बैठक लेकर अभियान की समीक्षा की। इस दौरान वार्ड पार्षद श्री अनिल पटेल, श्री प्रवीण सिंह, जनप्रतिनिधि श्री जय किशन बियानी एवं नवीन मतदाता उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बीएलओ को घर-घर संपर्क कर मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटे पात्र मतदाताओं की पहचान कर उनके नाम जोड़ने के निर्देश दिए। अभियान में 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके तथा 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं से फॉर्म-6 भरवाए जा रहे हैं।

राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने 40 मेधावी विद्यार्थियों को वितरित की स्कूटी

नईदुनिया प्रतिनिधि, अनूपपुर : मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल, मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल तथा अनूपपुर विधायक श्री बिसाहूलाल सिंह ने विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण योजना के तहत जिला मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 40 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित कर सम्मानित किया ।

तथा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री बलबीर रमन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर सुश्री प्राशी अग्रवाल, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष श्री हीरा सिंह श्याम सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

'महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परिवार की खुशहाली की आधारशिला' : हिमाद्री सिंह

अनूपपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत धरहरकला में मंगलवार को आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने महिलाओं से संवाद किया तथा उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी संपन्न कराई गई। सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परिवार की खुशहाली की आधारशिला है। गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य एवं पोषण का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने शासन द्वारा संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने तथा महिलाओं को योजनाओं के प्रति जागरूक करने की बात कही। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला कल्याण से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं, गर्भवती महिलाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़े हितग्राहियों की सहभागिता रही।

संयुक्त संचालक ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

नईदुनिया प्रतिनिधि, रीवा : संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ. अर्चना पाण्डेय ने सतना जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। संयुक्त संचालक ने कहा कि प्रसव के दौरान होने वाली महिला अथवा शिशु के मृत्यु की प्रत्येक घटना की निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार जाँच करें। इसमें जो भी कर्मचारी दोषी पाया जाता है उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करें। गर्भवती महिलाओं के समय पर पंजीयन तथा नियमित जाँच सुनिश्चित करें।

गर्भवती महिलाओं का पंजीयन और जाँच की रिपोर्ट पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और उन्हें दी जाने वाली उपचार सहायता की नियमित निगरानी करें। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन करके उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करके समुचित उपचार कराएं। एनिमिक गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केन्द्रों में आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन लगाएं तथा आवश्यकता होने पर खून चढ़ाने की भी व्यवस्था करें।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रसव की पूरी सुविधा है। किसी भी गर्भवती महिला को अनावश्यक रूप से जिला चिकित्सालय के लिए रेफर न करें। यदि किसी महिला को रेफर किया जा रहा है तो पूरी केस हिस्ट्री उसके साथ भेजें। संबंधित डॉक्टर को भी इसकी पहले से सूचना दे दें जिससे जिला अस्पताल पहुंचते ही उपचार शुरू हो जाए। संयुक्त संचालक ने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को समुचित पोषण आहार देने, साफ-सफाई तथा टीकाकरण के संबंध में भी निर्देश दिए। बैठक में मेडिकल कालेज सतना तथा जिला चिकित्सालय सतना के डॉक्टर्स एवं नर्सिंग आफीसर उपस्थित रहे।

रस्साकशी स्पर्धा में खिलाड़ियों ने की जोर आजमाईश



नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोन: सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 2 से 10 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे सेवा मेरा योगदान के तहत फिट इंडिया खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को विकासखंड भगवानपुरा में अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग की विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता हुई।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए 100 से अधिक खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा दिखाई। शुभारंभ भाजपा नेता चंदर सिंह वास्कले, मंडल अध्यक्ष रूपेश मालवीय एवं विद्यालय के प्राचार्य सुमेर सिंह जाधव की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ तथा रस्साकशी के मुकाबले आयोजित हुए। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जो उनके कठिन अभ्यास को दर्शाता है।

विकासखंड समन्वयक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ ही फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता पैदा करना है। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित टीम एवं थ्रोबलीट आगामी 10 अक्टूबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भगवानपुरा विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में खेल शिक्षक सुरेश चंद सिरवे सहित उपस्थित शिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सहयोगियों का योगदान रहा।

सेवा ज्योति यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के विकसित भारत का संकल्प दोहराया

नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा ज्योति यात्रा का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। उत्कृष्ट स्कूल परिसर में आयोजित समारोह के दौरान सुबह 10 बजे पीएम मोदी के नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम से देश को किए संबोधन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से देखा गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, विधायक राजकुमार मेव, विधायक सचिन बिरला, सेवा संकल्प अभियान जिला संयोजक विवेक भटोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन, कलेक्टर गुरु प्रसाद, एसपी रविंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता-पदाधिकारी, आई वील हितग्राही एवं आमजन मौजूद रहे।



पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने लगातार 25 वर्षों तक सरकार के मुखिया के रूप में देश की सेवा की है। यह देश की जनता का आशीर्वाद है। पीएम मोदी ने कहा भारत को नई बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए जो जोश और जज्बा चाहिए, वो एक ही संदेश देता है कि हम करके रहेंगे, आई वील डू इट। उन्होंने 140 करोड़ देशवासियों की ताकत पर भरोसा जताते हुए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया। आई वील डू इट।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया कार्यक्रम में पीएम के संबोधन के बाद भाजपा नेताओं ने सेवा ज्योति अभियान की शुरुआत करते हुए विधानसभावार सेवा ज्योति वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता संजय पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष शंभु सिंह मनहर, जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतौरिया, जिला महामंत्री हरे सिंह चावड़ा, जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, जिला कोषाध्यक्ष भीम सिंह जाधव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता-पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री सोलंकी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और देश सेवा के कार्यकाल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा जनसेवा से राष्ट्रसेवा तक की प्रधानमंत्री की यह अविराम यात्रा सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण का प्रेरणादायी अध्याय है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती त्राह्मणे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और देश सेवा को याद करते हुए उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का उल्लेख किया। विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सार्वजनिक पद की जिम्मेदारी संभाली थी।

पीएम श्री कॉलेज में छात्रों ने जानी जैव विविधता की महत्ता

नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोन: पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में वन्य जीव सप्ताह के जुड़े अवास, वन्यजीव का विकास विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉक्युमेंट्री, क्विज और प्रोजेक्ट निर्माण के जरिए छात्रों ने जैव विविधता का महत्व जाना।

प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने बताया कि ऐसे आयोजन युवाओं को प्रकृति के प्रति अधिक जिम्मेदार बनाते हैं। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डी. एसएन बामनिया ने कार्यक्रमों के लाभों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जैव विविधता पर आधारित एक विशेष डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा जिले की जैव विविधता पर परियोजना निर्माण और ज्ञानवर्धक प्रस्तोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष संध्या बटवे ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम में बीएससी चतुर्थ वर्ष के छात्र जय चौहान और एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा वैष्णवी पाटीदार ने वन्यजीवों पर परियोजना से जुड़े अपने अनुभव बताए। रविंद्र रावल ने पारिस्थितिकी तंत्र में वन्यजीव की भूमिका के बारे में समझाया। गगन पाटीदार ने बच्चों को परियोजना निर्माण से जुड़े टिप्स और मार्गदर्शन दिए।

पीजी कॉलेज में रासेयो स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

खरगोन। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में लगभग 147 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। स्वयंसेवकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास तथा महाविद्यालय परिसर में सफाई की। परिसर में बिखरी पॉलिथीन एवं अन्य कचरे को एकत्रित कर डस्टबिन में डाला गया। पेड़-पौधों के आसपास साफ-सफाई ट्री-गार्ड- क्यारी निर्माण किया। प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने कहा कि अपने घर, आसपास के क्षेत्र तथा महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखना और दूसरों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी राष्ट्र सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। जिला संगठक अधिकारी डॉ. सुरेश अवासे ने कहा कि वर्तमान समय में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। डॉ. सावित्री भगोरे ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जन.जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संदेश दिया था।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

अंचल कार्यालय, झर्रा टिकुरिया प्रथम मंजिल आस्था प्लाजा, कटनी – 483501 ईमेल – coktnsamd@pnb.bank.in

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रतीकात्मक/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जो है", "जहाँ है", "जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रकम की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

ई-नीलामी दिनांक एवं समय –27.10.2026 सुबह11:00 बजे से 05:00 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:00 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा) । ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 26.10.2026

उधारकर्ता/जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम	अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण	अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार)	अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि स) बिड वृद्धि राशि द)ई नीलामी दिनांक एवं समय
शाखा: रीवा मेडिकल कॉलेज (0.5.) **1. श्री हरीश कुमार पांडे पिता हीरालाल पांडे पता:** ग्राम रहारी, पोस्ट– समान, तह– हुजूर जिला– रीवा (उधारकर्ता) **2. श्रीमती सरिता पांडे पति हरीश पांडे (सह–उधारकर्ता और बंधककर्ता) पता:** ग्राम रहारी, पोस्ट– समान, तह– हुजूर जिला– रीवा (उधारकर्ता) **3. श्री उमेन्द्र कुमार मिश्रा पिता विश्वेश्वर प्रसाद मिश्रा (जमानतदार), पता:** शिव मंदिर के पास, ग्राम– दुनई कलां बसाहरा तह– हुजूर जिला– रीवा (म.प्र.) 486001, **खाता नंबर: 6239009900000422, 6239000NC00001239**	आवासीय संपत्ति मौजा रतालही जे. नम्बर 580 पी एच नम्बर– समान 19, आरआई सर्कल– रीवा (पिंगे) तहसील– हुजूर जिला– रीवा खसरा नंबर 161/2 (पुराना), 161/2/1 (नया) वार्ड नंबर –15 में, क्षेत्रफल– 1155 वर्ग फीट, **चतुर्सीमा: उत्तर–** प्रस्तावित 16 फीट डब्लूबीएम सड़क, **दक्षिण–** रामराज पटेल का प्लॉट, **पूर्व–** सोनी जी का घर, **पश्चिम–** पटेल जी का घर	अ) 16.06.2021 ब) 27.12.2021 स) सांकेतिक आधिपत्य द) 21.42,860.00 • ब्याज एवं अन्य व्यय	अ) 21.59 ब) 2.16 स) 0.25 द) 27.10.2026

संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है

सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना

नियम एवं शर्तें : (1) विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा (2) संपत्तियों की बिक्री "जो है, जहाँ है", "जो कुछ भी है" के आधार पर होगी (3) उक्त वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है।किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा (4) विक्रय अग्रिम ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा (5) संभावि विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **www.pnbindia.in, https://baanknet.com** पर विजिट करें ।

स्थान: कटनी, दिनांक 08.10.2026 — पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी